बंशीधर तिवारी, IAS
राज्य परियोजना निदेशक

"उत्तराखण्ड सभी के लिए शिक्षा परिषद्"

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून
दूरभाष 0135-2781942
Website: http://ssa.uk.gov.in E-mail - spd-ssa-uk@.nic.in
Toll Free Number:- 1800-180-4132

भारत 2023 INDIA

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में कमजोर एवं अपवंचित बच्चों के प्रवेश हेतु चयन के लिए दिनांक 05 सितम्बर, 2023 को प्रस्तावित लॉटरी प्रक्रिया

पत्रांक : रा0प0का0 / 1462 / आर0टी0ई0 (लॉटरी) / 2023–24, दिनांक 02 सितम्बर 2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के अन्तर्गत निजी विद्यालयों में कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के बच्चों हेतु 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रकिया के लिए लॉटरी का आयोजन दिनांक 5 सितम्बर 2023 को 5 PM बजे किया जाना है। लॉटरी का स्थल राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा ननूरखेड़ा, रायपुर देहरादून रखा गया है। लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता रहे इसके लिए कोई भी इच्छुक अभिभावक, मीडिया, जनसामान्य आदि निर्धारित तिथि एवं समय पर लॉटरी प्रक्रिया में स्वयं के व्यय पर उपस्थित हो सकते हैं।

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

पृ0सं0 रा0प0का0 / 1462 / आर0टी0ई0 (लॉटरी) / 2023–24, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि :–

1. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दिनांक 03 सितम्बर 2023 के उत्तराखण्ड संस्करण में, जिसका राज्य के दोनों मण्डलों में व्यापक प्रचार–प्रसार हो, डी0ए0वी0पी0 दरों पर 12X08 वर्ग से0मी0 साईज में प्रकाशित करने का कष्ट करें तथा बिल भुगतान हेतु दो प्रतियों में राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. सिस्टम एनालिस्ट / कम्प्यूटर प्रोग्रामर, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को समग्र शिक्षा की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. एम0आई0एस0 समन्वयक, महानिदेशालय, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ कि उक्त उक्त विज्ञप्ति को विद्यालयी शिक्षा विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(बंशीधर तिवारी)
राज्य परियोजना निदेशक
समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।